## खास-खबरें

### फूल-मालाओं की जगह शिक्षा सामग्री ली, जन्मदिन पर लगाए 15 पौधे



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने अपना जन्मदिन समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित करते हुए अनूठे अंदाज में मनाया। उन्होंने समर्थकों से फूल-मालाओं और महंगे उपहारों के बजाय जरूरतमंद बच्चों के लिए कॉपी, पेन और अन्य शैक्षणिक सामग्री लाने की अपील की, जिसका लोगों ने उत्साहपूर्वक पालन किया। गुरुवार को उन्होंने दिन की शुरुआत बजरंग खूंटी स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना और पौधारोपण से की। इसके बाद भोपाल में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होने से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भी वृक्षारोपण किया। नगर परिषद कार्यालय में एकत्रित शैक्षणिक सामग्री जरूरतमंद विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। शाम को नगर परिषद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा नेता मांगीलाल पथरिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, पीथमपुरः** भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद मांगीलाल पथरिया का जन्मदिन शुक्रवार को जयनगर, महू-नीमच रोड तथा मनमानी कॉलोनी में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समर्थकों और नागरिकों ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में केक काटकर मिठाई वितरित की गई। उपस्थित जनों ने मांगीलाल पथरिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद अशोक पटेल, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पार्षद विजय रघुवंशी, विनायक गज्जू, रोहित मेवाड़ा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पुरी से मंदसौर पहुंचीं भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाएँ



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियों के बीच भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की विग्रह प्रतिमाएं शुक्रवार को जगन्नाथ पुरी से मंदसौर पहुंचीं। शहर में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। प्रतिमाओं को पुरी से लाने का दायित्व ललित आलवानी, किशोर बिजानी, राजकुमार शास्त्री, वृंदावन के भागवताचार्य ज्ञानेश्वर शर्मा और देवेंद्र दीक्षित ने निभाया। उन्होंने इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताते हुए कहा कि भगवान की सेवा का ऐसा अवसर विरले ही मिलता है। समिति ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा 16 जुलाई को दोपहर 3 बजे निकाली जाएगी। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### उज्जैन में प्रतिबंधित डेढ़ क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन :** शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर नगर निगम ने वार्ड-28 स्थित दूध तलाई क्षेत्र में स्थित परफेक्ट ट्रांसपोर्ट पर मुखबीर की सूचना पर छापा मारा और डेढ़ क्विंटल प्रतिबधित पॉलीथिन जब्त की। कार्यवाही के दौरान संबंधित ट्रांसपोर्ट संचालक पर स्वच्छता निरिक्षक द्वारा तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। इसी प्रकार मालीपुरा स्थित होटल दिया के कर्मचारी को खुले में कचरा फेंकते पाए जाने पर होटल संचालक के विरुद्ध चार हजार का स्पॉट फाइन लगाया गया। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शहर के सभी ट्रांसपोर्ट संचालकों, व्यापारियों एवं होटल संचालकों को चेतावनी दी कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का क्रय-विक्रय अथवा उपयोग किसी भी स्थिति में न करें। कचरा निर्धारित डोर टू डोर वाहन में डालें। खुले में कचरा फेंकने या प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही एवं जुर्माना लगाया जाएगा।

### भारत विकास परिषद शाखा ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** भारत विकास परिषद, सीहोर शाखा द्वारा आज स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर, सीहोर में गुरु वंदन - छात्र अभिनंदन एवं पौधरोपण कार्यक्रम - स्थापना दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ एवं विद्यालय के सभी बच्चों को तिलक लगाकर हुआ। संस्था की संस्कार संयोजिका शोभा चांडक ने कार्यक्रम के विषय के अनुरूप उद्बोधन देते हुए गुरु-शिष्य परम्परा के महत्व को समझाया। इसके पश्चात समिति के प्रांत सचिव रवि ठाकराल, समिति के अध्यक्ष रितेश राठौर, सचिव नवीन सोनी, संस्कार संयोजिका शोभा चांडक, समिति के सदस्यगण डॉ. गगन नामदेव एवं अरविंद गुप्ता ने मिलकर विद्यालय की शिक्षिका दीदी अर्चना तिवारी का सम्मान किया।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने 214 हितग्राहियों को चेक वितरित किए



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** मध्यप्रदेश शासन द्वारा लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय परिसर में जन समस्या एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलन और कन्या पूजन के साथ शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। सबसे अधिक शिकायतें राजस्व और बिजली विभाग से संबंधित रहीं। इनमें बढ़े हुए बिजली बिल, नामांतरण, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरण प्रमुख रहे। कुल 614 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत 214 हितग्राहियों को लाभ वितरित किए। इनमें लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राही शामिल रहे। स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए चेक भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी और सूचना स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता,जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेंद्र रघुवंशी, न,पा, अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक मुकेश टंडन, पूर्व विधायक श्रीमती लीना जैन, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मधुलिका अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### कृषि महाविद्यालय को 40 करोड़ की सौगात

**गंजबासौदा।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कृषि महाविद्यालय के समग्र विकास हेतु 40 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने महाविद्यालय के नवीन भवन का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में 100 छात्र-छात्राओं के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि इस राशि से महाविद्यालय में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, वैज्ञानिक उपकरण, नए छात्र एवं छात्रावास, खेल परिसर, 600 क्षमता वाला आधुनिक सभागार तथा 100 कंप्यूटरों से युक्त डिजिटल सेल स्थापित किए जाएंगे। साथ ही पुराने छात्रावासों का उन्नयन और मरम्मत भी कराई जाएगी।
कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, सहायक महानिदेशक डॉ. इंद्र देव, निदेशक डॉ. मनोरंजन मोहंती, इफको निदेशक डॉ. डी.के. सोलंकी, अधिष्ठाता डॉ. विनोद कुमार गर्ग सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि महाविद्यालय को कृषि शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा।

## स्कूल वैन और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** थाना क्षेत्र के लाड़कुई-सिंहपुर मार्ग पर गुरुवार देर रात स्कूल वैन और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर स्कूल वैन जब्त कर ली है। वाहन मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है, जबकि चालक घटना के बाद से फरार है।

पुलिस के अनुसार, राय साहब स्कूल की वैन सीहोर से लौट रही थी। इसी दौरान सिंहपुर निवासी राजेश बरेला बाइक से अपने घर जा रहे थे। लाड़कुई और सिंहपुर के बीच दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल भेजा, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। स्कूल वैन जब्त कर वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जबकि फरार चालक की तलाश जारी है।

**मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शनः** हादसे के बाद मृतक के परिजन और सिंहपुर के ग्रामीण रेत नाके पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए। परिजनों का आरोप था कि सड़क पर फैली रेत दुर्घटना का प्रमुख कारण बनी। उनका कहना था कि यदि सड़क पर रेत नहीं होती तो हादसा टल सकता था।

सूचना पर थाना प्रभारी और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाइश दी। बारेला समाज के लोग भी बड़ी संख्या में वहां पहुंचे। परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

**सड़क किनारे फैली रेत पर उठे सवालः** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के कारण सड़क किनारे रेत के ढेर जमा हो जाते हैं। धीरे-धीरे यह रेत सड़क पर फैल जाती है, जिससे वाहन फिसलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों ने सड़क से रेत हटाने और अवैध रेत परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## सामाजिक कुरीतियों को मिटाने एकजुट होकर कार्य करना चाहिएः मंजु अग्रवाल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष संतोष सोडानी, प्रदेश सचिव संगीता भूतड़ा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजकुमारी माहेश्वरी सहित अन्य महिलाओं ने सम्मेलन की अध्यक्ष मंजु अग्रवाल को शपथ दिलाई।

अपने शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष मंजु शैलेष अग्रवाल ने गहाकि महिलाओं को अपने जीवन और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे आने की प्रेरणा दी जाती है। सकारात्मक सोच और एकजुटता ही समाज की प्रगति, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखने की कुंजी है। सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने पर बल दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती सोड़ानी ने कहाकि संस्कार ही धरोहर है, एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। भारतीय कुटुंब व्यवस्था हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक संरचना का आधार है। यह केवल परिवारों का समूह नहीं, बल्कि भावनाओं, परंपराओं और मूल्यों का संगम है। इसमें सभी सदस्य आपसी सहयोग, सम्मान और प्रेम से जुड़े होते हैं। बुजुर्गों का अनुभव और आशीर्वाद, युवाओं की ऊर्जा और बच्चों की मासूमियत मिलकर एक आदर्श परिवार का निर्माण करते हैं। कुटुंब व्यवस्था हमें एकता, सहनशीलता और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाती है। यह न केवल सामाजिक संतुलन बनाए रखती है, बल्कि पीढ़ियों के बीच संस्कारों और ज्ञान का आदान-प्रदान भी सुनिश्चित करती है।

### कोर्ट रोड से ट्रेंचिंग ग्राउंड हटाने की मांग लेकर स्थायी लोक अदालत पहुंचे अधिवक्ता

**मंदसौर।** मंदसौर जिला न्यायालय मार्ग पर स्थित अस्थायी ट्रेंचिंग ग्राउंड को हटाने की मांग अब न्यायिक मंच तक पहुंच गई है। इस संबंध में अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर ने वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीरसिंह पंवार और पुखराज दशोरा के साथ मिलकर लोकोपयोगी सेवाओं की स्थायी लोक अदालत, मंदसौर में याचिका प्रस्तुत की है। न्यायालय ने मामले को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए नगर पालिका परिषद मंदसौर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की है। याचिका में कहा गया है कि अंबेडकर चौराहे से जिला न्यायालय होते हुए भगवान पशुपतिनाथ मंदिर तक जाने वाला मार्ग शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों में शामिल है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में न्यायाधीश, अधिवक्ता, पक्षकार, श्रद्धालु और आम नागरिक इस मार्ग का उपयोग करते हैं। इसके बावजूद कोर्ट रोड स्थित पुलिया के समीप मछली मार्केट के सामने नगर पालिका द्वारा अस्थायी ट्रेंचिंग ग्राउंड संचालित किया जा रहा है, जहां शहर का कचरा एकत्र कर बाद में मुख्य ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाता है।

## राजस्व और पुलिस अधिकारियों में बेहतर समन्वय से मजबूत होगी कानून व्यवस्था : संभागायुक्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) श्रीमती रुचि वर्धन मिश्र ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आपसी समन्वय, सतत संवाद और संयुक्त कार्यशैली पर विशेष बल दिया।

संभागायुक्त श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी जिले में प्रभावी प्रशासन और मजबूत कानून व्यवस्था का आधार राजस्व एवं पुलिस विभागों के बीच बेहतर तालमेल होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन परस्पर संवाद बनाए रखें तथा अपने-अपने क्षेत्रों का संयुक्त भ्रमण करें। उन्होंने आगामी त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को पहले से ही आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए आईजी श्रीमती रुचि वर्धन मिश्र ने सांप्रदायिक सौहाद्र बनाए रखने के लिए पूर्व तैयारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद तथा समय पर सूचना संकलन से कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा जा सकता है। आईजी ने अधिकारियों से कहा कि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्यप्रणाली ही जनता में विश्वास का वातावरण मजबूत करती है। उन्होंने सभी अधिकारियों से सजग, सतर्क एवं उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से कार्य करते हुए शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने का आह्वान किया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने जिले की कानून व्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संवेदनशील क्षेत्रों तथा अब तक किए गए महत्वपूर्ण प्रबंधों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने आगामी पर्वों के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीतियों और पुलिस की तैयारियों से भी अवगत कराया।

## मानौरा मेले की तैयारियों की संभागायुक्त और आईजी ने की स्थल समीक्षा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** सन्निकट मानौरा मेला के सफल एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा तथा पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) श्रीमती रुचि वर्धन मिश्र ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थल अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने रथ मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने बताया कि 15 से 17 जुलाई तक आयोजित होने वाले मेला के लिए आवश्यक तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए जा चुके हैं।

संभागायुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि रथ यात्रा के निर्धारित मार्ग पर किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने मार्ग का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को संपूर्ण रूट की विद्युत वायरिंग की तकनीकी जांच कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर उसे सुरक्षित एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि रथ मार्ग के दोनों ओर स्थित निर्माणाधीन भवनों एवं कच्चे मकानों की छतों पर किसी भी दर्शक को चढ़ने न दिया जाए। इसके लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अमले द्वारा सतत निगरानी रखी जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं।

पुलिस महानिरीक्षक सुश्री रुचि वर्धन मिश्र ने मेला अवधि के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थलों का संचालन, आपातकालीन निकास मार्ग तथा सुरक्षा व्यवस्था की समुचित योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### रायसेन में 14 को होगा जिला स्तरीय युवा संगम

**रायसेन।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 14 जुलाई को सुबह 11 बजे पीएम उत्कृष्ट स्वामी विवेकानंद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न निजी कंपनियां युवाओं की भर्ती करेंगी। आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा और इंजीनियरिंग डिग्रीधारक 18 से 35 वर्ष आयु के अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकेंगे। साथ ही स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता और उद्यम स्थापना संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। अधिकारियों को अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## शिविर लगाकर किया गया बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

महाप्रबंधक श्रीमती पूनम तुमराम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद कर उन्हें त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। अभियान के अंतर्गत सीहोर संभाग के ग्राम सुलखेड़ी, रासलाखेड़ी, हिन्नौती, बिछिया, पड़ीयाला, एवं आष्टा संभाग अंतर्गत ग्राम बलाखेड़ा में शिविर लगाए गये और नागरिकों की बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण किया गया। अभियान के अंतर्गत 11 जुलाई को आष्टा संभाग अंतर्गत ग्राम कुण्डियानाथु, भीलखेड़ी, कल्याणपुरा, धनाना, गुराड़ियारूपचंद, पउखेड़ी, आष्टा शहर वार्ड नं. 12. छापर में शिविर लगाए जाएंगे।

# जो सच्चे मन से महादेव पर विश्वास करता है, भगवान उसका साथ देते हैंः पं. मिश्रा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** संसार के लोगों पर किया गया विश्वास कभी भी टूट सकता है, लेकिन भगवान शिव पर किया गया भरोसा कभी नहीं टूटता। जो व्यक्ति सच्चे मन से महादेव पर विश्वास करता है, भगवान शिव हर परिस्थिति में उसका साथ देते हैं और उसके जीवन का कल्याण करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का सीधा प्रसारण देश-विदेश में श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक देख एवं सुन रहे हैं। कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव पर अटूट विश्वास रखने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में यदि व्यक्ति भगवान शिव की शरण में रहे और उन पर पूर्ण विश्वास रखे, तो उसे धैर्य, आत्मबल और सही मार्गदर्शन प्राप्त होता है। भगवान शिव अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते। पंडित श्री मिश्रा ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि अपने घरों में टेलीविजन, मोबाइल, इंटरनेट एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का श्रवण करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और भाव के साथ घर बैठे कथा सुनने से भी आध्यात्मिक



लाभ प्राप्त होता है। धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का मुख्य केन्द्र होने के कारण नियमित रुप से हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर आते है। इनके निशुल्क भोजन-प्रसादी, पेयजल और शौचालय आदि की व्यवस्था विठलेश सेवा समिति के द्वारा की जा रही है। मंदिर परिसर में शुक्रवार को भी करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। जिनके भोजन प्रसादी की व्यवस्था पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने की। मावे की तीन क्विंटल बर्फी का भोग लगाकर भोजन-प्रसादी का वितरण किया गया।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम में कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। तैयारियों के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बनना शुरू हो गया है और शिवभक्त यात्रा के शुभारंभ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा आस्था का भव्य संगम बनने जा रही है। श्रावण मास के पावन अवसर पर एक महीने का कांवड मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें तीन अगस्त प्रथम सोमवार को समिति, 10 अगस्त को मध्यप्रदेश इंफ्लुएंसर द्वारा कांवड यात्रा, 17 अगस्त को कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के सानिध्य में और 25 अगस्त को भव्य कांवड यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कांवड़ यात्रियों के लिए मार्ग में पेयजल, विश्राम, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा एवं प्रसादी वितरण की विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही कुबेरेश्वरधाम परिसर को आकर्षक सजावट एवं विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा।